भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

05 मई 2019

<u>भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा हरियाणा के सोनीपत और पानीपत में आयोजित विशाल जन-सभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु</u>

मोदी-मोदी का नारा महज चुनावी नारा नहीं बल्कि देश की सवा सौ करोड़ जनता के अंतर्मन से निकला प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को आशीर्वाद है और देश की जनता ने यह तय कर लिया है कि देश का अगले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ही होंगे

****

हरियाणा भजन लाल के समय से ही पूरे देश में आया राम-गया राम नाम से बदनाम था। कांग्रेस शासन में हरियाणा में '3-D' चलते थे - दामाद, दरबारी और डीलर। इन 3-डी के इर्द-गिर्द ही हरियाणा में कांग्रेस वाले भ्रष्टाचार करते थे

****

कांग्रेस के 'नामदार' के विदेश में फ्लैट होने के प्रमाण मिले हैं, विदेश की कंपनियों में डायरेक्टर होने के प्रमाण मिले हैं, विदेशी नागरिक के भी आरोप लगे, कई बैंक खाते भी विदेशों में मिले हैं। दूसरी और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हैं जिनपर आज तक भ्रष्टाचार के एक भी दाग नहीं हैं

****

हरियाणा में सालों तक हुड्डा-चौटाला की सरकार रही। हुड्डा की सरकार आती थी तो भ्रष्टाचार बढ़ता था और चौटाला सरकार आती थी तो गुंडागर्दी बढ़ती थी जिससे हरियाणा की जनता त्रस्त रहती थी। हरियाणा में मनोहर लाल खट्टर सरकार आने के बाद प्रदेश में न गुंडागर्दी रहा और न ही भ्रष्टाचार

****

राहुल गाँधी को चुनावों के मौसम में ही गरीबों की याद आती है। राहुल बाबा को याद होना चाहिए कि चार पीढ़ियों तक इनकी सरकार रही लेकिन गरीबी घटने के बजाय बढती ही चली गई गई जबकि कांग्रेस की हर सरकार ने 'गरीबी हटाओ' का नारा दिया था

****

कांग्रेस जैसी परिवारवादी पार्टी को दिन-रात अपने बेटे-पोते ही दिखाई देते हैं। क्या एक परिवार के आगे और किसी में योग्यता नहीं? क्या पार्टी में कार्यकर्ताओं की भी जगह होनी चाहिए या नहीं? भारतीय जनता पार्टी परिवारवाद में विश्वास नहीं रखती। कांग्रेस और चौटाला परिवार का हाल देखिये-एक जेल में है तो दूसरा बेल पर

****

भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा की जनता से एक प्रामाणिक सरकार देने का जो वचन दिया था उसे मनोहर लाल खट्टर सरकार ने पूरा किया है। कुरुक्षेत्र में गीता महोत्सव का आयोजन कराकर दुनियाभर के लोगों को गीता के संदेश का फायदा पहुंचाने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है

****

हरियाणा के बड़े-बड़े भूपति नौकरी दिलाने के केस में जेल की हवा खा रहे हैं जबकि बिना भ्रष्टाचार और सिफारिश के आजादी के बाद हरियाणा में पहली बार 62 हजार युवाओं को बिना सिफारिश, घूस, जातिवाद और परिवारवाद के घर बैठे नौकरी दिलाने का काम प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने कर दिखाया है

****

पूरे देश में पहली बार, पंचायत में शिक्षित महिला-पुरुष हो, इसकी पहल हरियाणा की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने कर दिखाया। हरियाणा की 42 प्रतिशत पंचायतों में स्नातक महिलायें अपनी सेवाएं दे रही हैं और महिलाओं को यह गौरव दिलाने का काम भारतीय जनता पार्टी सरकार ने कर दिखाया है

****

कांग्रेस के समय किसानों के गेंहू-धन-गन्ने औने-पौने दामों पर ख़रीदे जाते थे लेकिन मनोहर लाल खट्टर सरकार ने इन फसलों की लागत से डेढ़ गुना ज्यादा दाम पर, बिना बिचोलिये के, किसानों से खरीदने का काम किया है

****

हरियाणा की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि है कि यह देश का पहला केरोसिन मुक्त राज्य बन गया है। हरियाणा का लिंगानुपात बहुत बिगड़ा हुआ था लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की पहल “बेटी बचाओ, बेटी पढाओ” को सफल बनाकर हरियाणा की जनता ने देश के सामने एक उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है

****

आजादी से अब तक करोड़ों हिन्दू-सिख करतारपुर साहिब का दर्शन करने के लिए लालायित रहते थे, लेकिन दर्शन कर नहीं पाते थे। लेकिन इस दर्शन को संभव करने का काम नरेन्द्र मोदी सरकार ने कर दिखाया

****

13 वें वित्त आयोग में सोनिया-मनमोहन की कांग्रेस-नीत यूपीए सरकार ने हरियाणा को 22,914 करोड़ दिए, वह भी तब जब हरियाणा में कांग्रेस की सरकार थी जबकि 14वें वित्त आयोग में मोदी सरकार ने 2014-19 के दौरान 5 गुना बढ़ोतरी करते हुए प्रदेश को 1,17,000 करोड़ रुपये से अधिक दिए

****

केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर किसानों को ब्याज मुक्त कृषि ऋण दिया जायेगा। सभी किसानों को 6,000 रुपये सालाना किसान सम्मान निधि के तहत दिए जाएंगे। जो किसान 60 वर्ष के हो जायेंगे, उन्हें मासिक पेंशन भी मोदी सरकार देगी

****

कांग्रेस की आतंकवाद पर जो नीति रहे लेकिन यह भारतीय जनता पार्टी की सरकार की सरकार है। यदि पाकिस्तान से गोली आएगी तो यहाँ से गोला जाएगा, ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा। देश की सुरक्षा से हम समझौता नहीं कर सकते। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक कर के हमने आतंक को करारा जवाब दिया है

****

जम्मू-कश्मीर को हिंदुस्तान से कोई भी अलग नहीं कर सकता। कश्मीर हमारा है, यह भारतीय जनता पार्टी का अटल फैसला है। श्री नरेन्द्र मोदी के पुनः प्रधानमंत्री बनने के बाद हम जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को उखाड़ फेंकेंगे

****

जब तक केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की नरेन्द्र मोदी सरकार है, भारत माता के टुकड़े करने वालों की जगह जेल की सलाखों के पीछे होगी। केंद्र में पुनः मोदी सरकार बनने पर देश भर से एक-एक घुसपैठिये को चुन-चुनकर निकलने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार करेगी

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने हरियाणा के सोनीपत और पानीपत में आयोजित विशाल जन-सभाओं को संबोधित किया और जातिवाद, परिवारवाद, भ्रष्टाचार, दलालों-बिल्डरों-दामादों की राजनीति से मुक्त शासन और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए नरेन्द्र मोदी को दुबारा प्रधानमंत्री बनाने का आहवान किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उपस्थित जन-सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विगत साढ़े चार महीनों में मैं देश के जिस भाग में भी गया, चाहे पूरब हो या पश्चिम, उत्तर हो या दक्षिण, सब जगह मोदी-मोदी के ही नारे सुनाई देता है। उन्होंने कहा कि **मोदी-मोदी का नारा महज चुनावी नारा नहीं बल्कि देश की सवा सौ करोड़ जनता के अंतर्मन से निकला प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को आशीर्वाद है और देश की जनता ने यह तय कर लिया है कि देश का अगले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही होंगे।** उन्होंने कहा कि देश की जनता ने श्री नरेन्द्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने का निर्णय यूँ ही नहीं किया है बल्कि नरेन्द्र मोदी जैसा नेतृत्व 70 सालों की प्रतीक्षा के बाद इस देश को प्राप्त हुआ है। पिछले 20 सालों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक भी दिन छुट्टी नहीं की। दूसरी ओर, महागठबंधन के नेता राहुल बाबा हैं जो देश में थोड़ी गर्मी पड़ी नहीं कि विदेश छुट्टी मनाने चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि **देश को श्री नरेन्द्र मोदी के रूप में एक प्रामाणिक, संवेदनशील और निर्णायक फैसले लेने वाला प्रधानमंत्री मिला है जिन्होंने देश का गौरव बढ़ाने के लिए अपने-आप को पूर्ण रूप से समर्पित कर दिया है। आज नरेन्द्र मोदी विश्व के जिस किसी भी देश में जाते हैं, वहां भी मोदी मोदी के नारे गुंजायमान रहते हैं।**

श्री शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि **राहुल गाँधी को चुनावों के मौसम में ही गरीबों की याद आती है। राहुल बाबा को याद होना चाहिए कि चार पीढ़ियों तक इनकी सरकार रही लेकिन गरीबी घटने के बजाय बढती ही चली गई गई जबकि कांग्रेस की हर सरकार ने 'गरीबी हटाओ' का नारा दिया था।** उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद पिछले 5 वर्षों में गरीबों के उत्थान के लिए अनेकों काम हुए जिससे इनके जीवन में आमूल-चुल परिवर्तन आया है। देश के लगभग 7 गरीब महिलाओं के घर में गैस कनेक्शन पहुंचाकर उन्हें धुएं से मुक्ति दिलाने, 8 करोड़ घरों में शौचालय

बनवाकर गरीब महिलाओं-बहनों को सम्मान के साथ जीने का अधिकार देने, देश के ढाई करोड़ घरों में बिजली पहुंचाने और 2 करोड़ से ज्यादा लोगों को घर देने का काम नरेन्द्र मोदी सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 55 सालों तक इस देश में शासन किया लेकिन गरीबों की बिमारी की सुध लेने की चिंता इन्हें कभी नहीं हुई लेकिन नरेन्द्र मोदी सरकार ने आयुष्मान भारत योजना के तहत देश के लगभग 50 करोड़ गरीब लोगों को मुफ्त में इलाज के लिए पांच लाख रुपये तक स्वास्थ्य का पूरा खर्चा देने का काम किया और अब तक लगभग 24 लाख गरीब परिवार इस योजना से लाभान्वित हो चुके हैं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने हरियाणा की पूर्व सरकारों को निशाने पर लेते हुए कहा कि **हरियाणा में सालों तक हुड्डा-चौटाला की सरकार रही। हुड्डा की सरकार आती थी तो भ्रष्टाचार बढ़ता था और चौटाला सरकार आती थी तो गुंडागर्दी बढ़ती थी जिससे हरियाणा की जनता त्रस्त रहती थी। हरियाणा में मनोहर लाल खट्टर सरकार आने के बाद प्रदेश में न गुंडागर्दी रहा और न ही भ्रष्टाचार। हरियाणा में विकास की शुरुआत हुई है और आज पूरे उत्तर भारत में ईज ऑफ़ डूइंग बिज़नेस की रैंकिंग में हरियाणा तीसरे स्थान पर पहुँच गया है। हरियाणा भजन लाल के समय से ही पूरे देश में आया राम-गया राम नाम से बदनाम था। कांग्रेस शासन में हरियाणा में '3-D' चलते थे - दामाद, दरबारी और डीलर। इन 3-डी के इर्द-गिर्द ही हरियाणा में कांग्रेस वाले भ्रष्टाचार करते थे।**

श्री शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष का नाम लिए बगैर हमला करते हुए कहा कि **कांग्रेस के 'नामदार' के विदेश में फ्लैट होने के प्रमाण मिले हैं, विदेश की कंपनियों में डायरेक्टर होने के प्रमाण मिले हैं, विदेशी नागरिक के भी आरोप लगे, कई बैंक खाते भी विदेशों में मिले हैं। दूसरी और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हैं जिनपर आज तक भ्रष्टाचार के एक भी दाग नहीं हैं। कांग्रेस जैसी परिवारवादी पार्टी को दिन-रात अपने पोते-बेटे ही दिखाई देते हैं। क्या एक परिवार के आगे और किसी में योग्यता नहीं? क्या पार्टी में कार्यकर्ताओं की भी जगह होनी चाहिए या नहीं?** कांग्रेस जैसी परिवारवादी पार्टियाँ हरियाणा का भला नहीं कर सकती। **भारतीय जनता पार्टी के नेता परिवारवाद में विश्वास नहीं करते। कांग्रेस और चौटाला परिवार का हाल देखिये-एक जेल में है तो दूसरा बेल पर।**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा की जनता से एक प्रामाणिक सरकार देने का जो वचन दिया था उसे मनोहर लाल खट्टर सरकार ने पूरा किया है।** जहाँ तक सिर्फ सोनीपत की बात है तो यहाँ 64 फुट ऊँची दीनबंधु छोटू राम की मूर्ति का अनावरण भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया, कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे, जो बीस सालों से लटका था उसे पूरा करने का काम भारतीय जनता पार्टी सरकार ने किया। गन्नौर के बड़ी में रेल कोच फैक्ट्री का भूमि पूजन हो चुका है। 12 लेन वाली दिल्ली-चंडीगढ़ हाईवे का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। सोनीपत समेत सभी 22 जिलों के समान विकास का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया है। 110 करोड़ की लागत से सोनीपत-नरेला रोड बनाया गया। सोनीपत-गोहाना-जींद रेलवे का परिचालन भी शुरू हो गया। **उज्ज्वला योजना के तहत सोनीपत में 73,000 महिलाओं को मुफ्त में गैस कनेक्शन दिया गया है, सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 50 हजार बेटियों को एफडी देने का काम किया गया। फसल नुकसान पर सोनीपत में पहली बार 134 करोड़ का बीमा किसानों को दिलाने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है। सोनीपत के 106 गाँवों में कनेक्टिविटी पहुंचाई गयी, 272 गाँवों में हाई स्पीड ऑप्टिकल फाइबर पहुंचाया गया,** अटल सेवा केंद्र को गाँवों तक पहुंचाया गया, 27 व्यायामशाल और 10 स्वर्ण जयंती खेल नर्सरी बनाकर हरियाणा के खिलाड़ियों की प्रतिभा उभारने का काम किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **आजादी से अब तक करोड़ों हिन्दू-सिख करतारपुर साहिब का दर्शन करने के लिए लालायित रहते थे, लेकिन दर्शन कर नहीं पाते थे। लेकिन इस दर्शन को संभव करने का काम नरेन्द्र मोदी सरकार ने कर दिखाया।** करनाल की बेटी कल्पना चावला के नाम से अस्पताल बनाने का काम नरेन्द्र मोदी सरकार ने किया। दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय बनाने का काम नरेन्द्र मोदी सरकार ने किया। **कुरुक्षेत्र में गीता महोत्सव का आयोजन कराकर दुनियाभर के लोगों को गीता के सन्देश का फायदा पहुंचाने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है।** पानीपत युद्ध के नायकों के सम्मान में पानीपत युद्ध संग्राहलय बनाने का काम भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया। करनाल में पासपोर्ट का नया केंद्र खोलने, पानीपत में सरकारी अस्पताल खोलने का काम भारतीय जनता पार्टी सरकार ने किया। **हरियाणा के बड़े-बड़े भूपति नौकरी दिलाने के केस में जेल की हवा खा रहे हैं जबकि बिना भ्रष्टाचार और सिफारिश के नौकरी कैसे दी जाती है, यह मनोहर लाल खट्टर सरकार ने कर दिखाया है। आजादी के बाद हरियाणा में पहली बार 62 हजार युवाओं को बिना सिफारिश, घूस, जातिवाद और परिवारवाद के घर बैठे नौकरी दिलाने का काम प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने कर दिखाया है। पूरे देश में पहली बार, पंचायत में शिक्षित महिला-पुरुष हो, इसकी पहल हरियाणा की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने कर दिखाया। हरियाणा की 42 प्रतिशत पंचायतों में स्नातक महिलायें अपनी सेवाएं दे रही हैं और महिलाओं को यह गौरव दिलाने का काम भारतीय जनता पार्टी सरकार ने कर दिखाया है।** अंतर्राष्ट्रीय सौर ऊर्जा का सेंटर प्राप्त करने का गौरव भी हरियाणा के गुरुग्राम को मिला है। **कांग्रेस के समय किसानों के गेंहू-धन-गन्ने औने-पौने दामों पर ख़रीदे जाते थे लेकिन मनोहर लाल खट्टर सरकार ने इन फसलों की लागत से डेढ़ गुना ज्यादा दाम पर, बिना बिचोलिये के, किसानों से खरीदने का काम किया है।**

श्री शाह ने कहा कि **हरियाणा की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि है कि यह देश का पहला केरोसिन मुक्त राज्य बन गया है।** हरियाणा का लिंगानुपात बहुत बिगड़ा हुआ था लेकिन नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा से बेटी बचाओ बेटी पढाओ की शुरुआत कर यहाँ के लोगों से अपील की और आज तीन सालों के बाद लिंगानुपात 950 तक पहुंचा कर हरियाणा की जनता ने देश के सामने एक उदाहरण पेश किया है।

श्री शाह ने राहुल बाबा एंड कंपनी पर हमला करते हुए कहा कि आजकल राहुल गाँधी जोर जोर से पूछते हैं कि मोदी जी आपने हरियाणा के लिए क्या किया? राहुल बाबा, अभी तो शासन में हमें आये 5 साल ही हुए हैं **आपने तो इस देश में 55 सालों और चार पीढ़ियों तक शासन किया है, हरियाणा की जनता आपसे हिसाब मांग रही है कि आपने उन 55 सालों में हरियाणा के लिए क्या किया?** 10 सालों तक केंद्र यूपीए की सरकार थी और हरियाणा में भी कांग्रेस की हुड्डा सरकार थी। मैं पूछना चाहता हूँ कि आपने उन 10 सालों में हरियाणा के विकास के लिए क्या किया? कांग्रेस के 55 साल और नरेन्द्र मोदी के 5 सालों का हिसाब करेंगे तो हमारा पलड़ा हमेशा भारी मिलेगा। **13 वें वित्त आयोग में यूपीए सरकार ने हरियाणा को 22,914 करोड़ दिए जबकि 14 वें वित्त आयोग में नरेन्द्र मोदी सरकार ने 2014-19 के दौरान 5 गुणा बढ़ोतरी करते हुए 1,17,28 करोड़ दिए।** इसके अतिरिक्त 6,000 करोड़ रेलवे के लिए, कुंडली-मानेसर रोडवेज के लिए 10,000 करोड़, नेशनल कैंसर इंस्टिट्यूट के लिए 2,000 करोड़, अमृत मिशन के लिए 2300 करोड़, स्वच्छ भारत मिशन के लिए 75 करोड़, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए 24,000 करोड़, राष्ट्रीय राजमार्गों के चौडीकरण के लिए 3,500 करोड़ रूपये नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा हरियाणा को दिए गए।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भाजपा के संकल्प पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि **केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद अगले पांच साल में किसानों को मिलने वाले लोन पर कोई ब्याज नहीं लिया जायेगा। इसके साथ ही छोटे-मंझोले-बड़े सभी किसानों को 6,000 रुपये सालाना किसान सम्मान निधि के तहत दिए जाएंगे। भाजपा सरकार किसानों को ब्याज मुक्त कर्ज देगी। जो किसान 60 वर्ष के हो जायेंगे उन्हें मासिक पेंशन भी मोदी सरकार देगी।** छोटे व्यापारियों को दस लाख रुपए तक का इंश्योरेंस देने का काम भी भाजपा करेगी। 5 लाख से कम आय वालों को कर छूट और जिन व्यापरियों का टर्नओवर 40 लाख तक का है उनकी जीएसटी भी माफ की गयी है। हमने तय किया है कि व्यापार कल्याण बोर्ड बनाकर व्यापरियों के लिए भी ढेर सारी योजनायें लायेंगे।

श्री शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने देश के विकास के लिए अनेकों काम किये हैं लेकिन उन्हें वोट देने का सबसे महत्वपूर्ण कारण है कि उन्होंने देश को सुरक्षित रखने का काम किया है। नरेन्द्र मोदी सरकार आने से पहले 10 सालों तक देश में यूपीए की सरकार थी, अपने वोट बैंक के लिए इन्होंने देश की सुरक्षा को भी ताक पर रख दिया था। इस परिस्थिति में देश की जनता ने मोदी सरकार बनाने का फैसला किया। कुछ माह पहले पुलवामा आतंकी हमला हुआ जिसमें हमारे 40 जवान शहीद हुए। पूरे देश में हताशा का माहौल था। लेकिन तेरहवीं के दिन ही देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान के बालाकोट में घुसकर एयर स्ट्राइक करके बदला लेने का काम किया। एयर स्ट्राइक के बाद पूरे देश में ख़ुशी की लहर फ़ैल गयी। इसके साथ ही दुनिया में एक परिवर्तन आया। पहले दुनिया में दो ही देश थे जो अपने जवानों के खून का बदला लेते थे, एक अमेरिका और दूसरा इजरायल। इन देशों की सूची में तीसरा नाम भारत का दर्ज कराने का काम नरेन्द्र मोदी सरकार ने किया है जिससे देश का सम्मान पूरे विश्व में बढ़ा। **एयर स्ट्राइक के बाद एक ओर देश में उत्साह का माहौल था तो दूसरी ओर पाकिस्तान और राहुल बाबा एंड कंपनी के कार्यालय में मातम छाया था। इनके चेहरे के नूर उड़ गए। मुझे आश्चर्य लगता है कि पाकिस्तान के आतंकवादी मरे तो इनके चेहरे के नूर क्यों उड़ गए? इन्हें लगा कि इनकी वोट बैंक नाराज हो जायेगी।** श्री शाह ने कहा कि राहुल गाँधी के गुरु सैम पित्रोदा कहते हैं कि कुछ बच्चों ने गलती कर दी तो बम क्यों गिराए। पाकिस्तान से वार्ता करो, बम मत गिराओ। लेकिन मैं आप लोगों से पूछना चाहता हूँ कि जो देश हमारे 40 जवानों की जान ले ले, उनसे बात करनी चाहिए या बम गिराना चाहिए? श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस की आतंकवाद पर जो नीति रहे लेकिन यह भारतीय जनता पार्टी की सरकार की सरकार है। यदि पाकिस्तान से गोली आएगी तो यहाँ से गोला जाएगा, ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा। देश की सुरक्षा से हम समझौता नहीं कर सकते।** राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राहुल बाबा के सहयोगी उमर अब्दुल्ला को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि **उमर अब्दुल्ला जम्मू कश्मीर में दूसरा प्रधानमंत्री होने की बात करते हैं लेकिन राहुल गांधी उमर अब्दुल्ला के इस बयान पर कुछ नहीं बोलते हैं, उन्हें लगता है अगर बोलेंगे तो वोट बैंक चला जाएगा।** उन्होंने कहा कि **मैं राहुल बाबा को बताना चाहता हूँ कि उनकी मंशा जो भी हो कश्मीर को भारत से कोई भी अलग नहीं कर सकता। कश्मीर हमारा है, यह भारतीय जनता पार्टी का अटल फैसला है। नरेन्द्र मोदी के दुबारा प्रधानमंत्री बनने के बाद हम जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को उखाड़ फेंकेंगे।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राहुल गाँधी और कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि **हम कहते हैं धारा 370 हटाओ राहुल बाबा कहते हैं राजद्रोह का क़ानून हटाओ। आखिर क्यों?** जेएनयू के अन्दर देशद्रोही तत्वों द्वारा भारत तेरे टुकड़े होंगे के नारे लगाए गए और राहुल बाबा उन नारों के साथ खड़े होकर कहने लगे यह अभिव्यक्ति की आजादी है। क्या भारत माता के टुकड़े करना अभिव्यक्ति की आजादी है या देशद्रोह? **मैं पूछना चाहता हूँ कि यदि देशद्रोह का कानून हटाते हैं तो भारत तेरे टुकड़े होंगे का नारा लगाने वाले को किस कानून**

के तहत जेल में डालेंगे? वोट बैंक की राजनीति के कारण राहुल बाबा एंड कंपनी देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रही है। मैं राहुल बाबा को बताना चाहता हूँ कि जब तक भारतीय जनता पार्टी की नरेन्द्र सरकार है, भारत माता के टुकड़े करने वालों की जगह जेल की सलाखों के पीछे होगी।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अवैध घुसपैठिये का मुद्दा उठाते हुए कहा कि **मोदी जी एनआरसी लेकर आये, असम के अन्दर 40 लाख अवैध घुसपैठिये को चिन्हित किया लेकिन राहुल बाबा की कंपनी-शरद पवार, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, मायावती- सभी एनआरसी मुद्दे पर हाय तौबा मचाये थे कि इन्हें क्यों निकाला जा रहा है, ये कहाँ जायेंगे, इनके मानवाधिकार का क्या होगा? जब ये घुसपैठिये देश में घुसकर बम धमाके करते हैं, देश को दीमक की तरह चाटते हैं तो उन्हें अपने देश के नागरिकों और सेना के वीर जवानों के मानवाधिकर की याद क्यों नहीं आती?** इस देश से घुसपैठिये को बाहर निकालना चाहिए या नहीं? मैं आज इस धरती पर कहने आया हूँ और जिसे हमने अपने घोषणा पत्र में भी शामिल किया है कि **एक बार पुनः नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद जम्मू-कश्मीर से कन्याकुमारी और असम से गुजरात तक, पूरे देश भर से एक-एक घुसपैठिये को चुन-चुनकर निकलने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार करेगी।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उपस्थित जनसमूह से आह्वान करते हुए कहा कि **पिछले 5 सालों में जिस प्रकार जातिवाद, परिवारवाद, भ्रष्टाचार, दलालों-बिल्डरों-दामादों की राजनीति से देश को मुक्ति मिली है, शासन की उसी परिपाटी को और मजबूत करने के लिए केंद्र में पुनः श्री नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएं और देश को विकास के पथ पर और गति दें।**

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव